हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 7 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 27. 0 डिग्री

भगवान शिवरीनारायण संपूर्ण जगत के स्वामी : महंत अर्जुनदास

4



## खबर संक्षेप

### वीडियो चैलेंज एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा देशभर के युवाओं को ग्रामीण विकास और आजीविका से जोड़ने हेतु माय भारत पोर्टल के साथ मिलकर एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल अभियान विकसित भारत जी राम जी युवा डिजिटल अभियान की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से युवा वीडियो चैलेंज, क्विज और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर डिजिटल जनआंदोलन से जुड़ सकेंगे। क्विज प्रतियोगिता हेतु 7 अप्रैल निर्धारित की गई है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया है।

### राष्ट्रीय अधिगम सप्ताहः 8 तक होगा साधना सप्ताह का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** मिशन कर्मयोगी के तहत राष्ट्रीय अधिगम सप्ताह – साधना सप्ताह के सफल आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि कर्मयोगी भारत अभियान के अंतर्गत जिले में 8 अप्रैल तक साधना सप्ताह मनाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आधुनिक प्रशासनिक दक्षताओं, डिजिटल गवर्नेंस, व्यवहारिक प्रशासनिक कौशल एवं भूमिका आधारित प्रशिक्षण से सशक्त बनाना है, जिससे शासन की कार्यप्रणाली अधिक परिणामोन्मुखी एवं नागरिक हितैषी बन सके।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा अंतर्गत नगर पंचायत बलौदा के वार्ड 11 आंगनबाड़ी केन्द्र 1 में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु 27 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा ने बताया कि आवेदन कार्यालयीन समय में ऑनलाईन लिंक के माध्यम से कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा से संपर्क किया जा सकता है।

### अग्निवीर सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 10 तक

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय थल सेना कार्यालय द्वारा अग्निवीर में भर्ती हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि पहले ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीयन हेतु 1 अप्रैल की समयसीमा निर्धारित की गई थी। जिसमे वृद्धि करते हुए आवेदन अब 10 अप्रैल तक आमंत्रित किया गया है। यह अधिसूचना भारतीय सेना के आधिकारिक वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर कैटेगरी (पुरुष) में जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक, स्टोर कीपर ट्रेडमैन (दसवीं), ट्रेडमैन (आठवीं) अग्निवीर (महिला) सेना पुलिस तथा स्थाई कैडर में नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार सेना शिक्षा तथा धर्म शिक्षक के लिए पंजीकरण किया जा रहा है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारी सचिव सहित कर्मचारी होंगे सम्मानित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में प्रशासनिक कार्यों को बेहतर तरीके से संचालित करने वाले पटवारी, सचिव सहित कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि पटवारी, सचिव सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, डिजिटल क्रॉप सर्वे, गिरदावरी और मतदाता जागरूकता, पेंशन योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में सराहनीय योगदान दिया गया है। इन कार्यों के माध्यम से शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो रहा है।

---

### अनियमितता पाए जाने पर संचालकों को थमाया नोटिस

# खाद और कीटनाशक की कालाबाजारी रोकने संयुक्त टीम की दुकानों में दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



खाद दुकान में कार्रवाई करने पहुंचा कृषि विभाग का अमला।

खाद एवं कीटनाशक दवाओं की कालाबाजारी रोकने कृषि विभाग का अमला एक्शन मोड़ पर आ गया है। संयुक्त टीम द्वारा जिले के इन दुकानों में दबिश देकर जांच की गई। इस दौरान अनियमितता पाए जाने पर संचालको को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस तरह की कार्रवाई से दुकान संचालकों में हड़कंप मच गया है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले के पामगढ़, अकलतरा एवं नवागढ़ ब्लाक में बडे पैमाने पर किसानों के द्वारा ग्रीष्मकालीन धान की खेती की जा रही है। धान की खेती के दौरान कीटनाशक दवा एवं खाद की जरूरत पड़ती है। इधर कई दुकान संचालक ज्यादा कमाई के फेर में कीटनाशक दवा एवं खाद की कालाबाजारी और जमाखोरी कर रहे है। जिसे देखते हुए कृषि विभाग का अमला एक्शन मोड पर आ गया है। विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार 6 अप्रैल को जांजगीर जिले के विभिन्न कीटनाशक दुकानों में दबिश देकर जांच की। इस बीच कई संचालकों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार जिले में उर्वरकों की जमाखोरी और अनियमितता पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। उप संचालक कृषि राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में जिला एवं विकासखंड स्तर पर निरीक्षण दल गठित कर खाद, बीज और कीटनाशकों की दुकानों की जांच की जा रही है, ताकि किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान समय पर उपलब्ध हो सके।सोमवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। जांजगीर स्थित मेसर्स कश्यप कृषि केन्द्र और चांपा के मेसर्स दिशा सेल्स का निरीक्षण किया गया, जहां पीओएस मशीन और भौतिक स्टॉक का मिलान सही पाया गया। हालांकि संबंधित संचालकों को भविष्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। वहीं नवागढ़ विकासखंड में मेसर्स नानकचंद नंद किशोर के यहां पीओएस और स्टॉक में अंतर पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी तरह बलौदा विकासखंड के पिसौद और जर्वे क्षेत्र की चार दुकान मेसर्स कश्यप कृषि केन्द्र, हर्षिता कृषि केन्द्र, योगेश कश्यप कृषि केन्द्र और तरुण ट्रेडर्स में भी अनियमितता मिलने पर नोटिस जारी किया गया है। पामगढ़ विकासखंड में सेवा सहकारी समिति भिलौनी और धनगांव में स्टॉक सही पाया गया, जबकि बम्हनीडीह के चोरिया स्थित क्रांति कृषि केन्द्र और आरएसएस ट्रेडर्स में अंतर पाए जाने पर कार्रवाई की गई।कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग द्वारा आगे भी लगातार निरीक्षण अभियान जारी रहेगा और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

# किसानों का ट्रैक्टर बेचकर 20 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

### अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम परसाहीनाला का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा




ट्रैक्टर के साथ आरोपी।

किसानों से किराए पर ट्रैक्टर लेकर उसे बेचकर 20 लाख की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे से 4 ट्रैक्टर इंजन एवं ट्राली बरामद किया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के परसाहीनाला का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जाकारी के अनुसार ग्राम परसाहीनाला निवासी प्रार्थी विनोद कुमार खुसरो ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली किराए पर ली थी, जिसे आरोपी काम के बहाने ले गया और वापस नहीं किया। बाद में संपर्क करने पर आरोपी टालमटोल करता रहा और अंततः फरार हो गया।

#### ऐसे देता था आरोपी ठगी को अंजाम

भोले-भाले किसानों को ट्रैक्टर किराए पर देने का झांसा देता था। वह किसानों से ट्रैक्टर-ट्रॉली किराए पर लेकर उन्हें फर्जी शपथ पत्र के आधार पर अन्य लोगों को बेच देता था। वारदात के बाद आरोपी फरार हो जाता था और मोबाइल बंद कर लेता था। पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूल किया कि उसने किराए पर लिए ट्रैक्टरों को फर्जी शपथ पत्र के जरिए बेच दिया करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 ट्रैक्टर इंजन 1 ट्रॉली कुल कीमत लगभग 20 लाख रुपए को जब्त किया है। 34 वर्षीय आरोपी अनुराग दास महंत निवासी खैरा चौकी नैला फर्जी शपथ पत्र के आधार पर वह लोगों को बेवफूक बनाकर वाहनों को बेचता था। जानकारी मिली कि अकलतरा, पामगढ़ और नैला क्षेत्र में वारदातों को अंजाम दिया था। थाना अकलतरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 318(4), 316 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### कलेक्टर ने निक्षय मित्र, टीबी मरीजों को पोषण आहार किट का किया वितरण

**जांजगीर-चांपा।** टीबी उन्मूलन अंतर्गत 5 टीबी मरीजों को निक्षय मित्र बनकर कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने पोषण आहार किट वितरण किया। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों के लिए उचित पोषण अत्यंत आवश्यक है, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और वे शीघ्र स्वस्थ होते है। कलेक्टर ने कहा कि वे इस जनहितकारी अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और जरूरतमंद मरीजों को सहयोग प्रदान कर जिले को टीबी मुक्त बनाने में योगदान दें। इस अवसर पर सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, सीएमएचओ डॉ अनिता श्रीवास सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

---

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सायकल सवार अधेड़ की मौके पर मौत



घटना स्थल पर पड़ी अधेड़ की लाश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

अज्ञात वाहन की ठोकर से सायकल सवार अधेड़ की मौके पर मौत हो गई। घटना नगर पंचायत खरौद के इंदिरा नगर की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 5 अप्रैल की दोपहर 3 बजे नगर पंचायत खरौद के खाल्हे पारा निवासी बिलग राम नोनिया उम्र 55 वर्ष हर रोज की तरह रोजी रोटी के लिए पत्थर खदान में काम करता था। रविवार की दोपहर खाना खाने घर आया था। करीबन 3 बजे के आसपास घर से पत्थर खदान काम करने अपनी साइकिल से जा रहा था। इसी दौरान इंदिरा नगर बजरंगबली मंदिर के पास पीछे से आ रही एक अज्ञात वाहन ने टक्कर कर दिया और मौके पर साइकिल चालक बिलग राम नोनिया की मौत हो गई और वाहन भाग निकला देखते देखते मौके पर भारी भीड़ हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया गया कि राजू गुड्स लाइन शिवरीनारायण की हैं। बताया जाता है कि शिवरीनारायण के तरफ भाग गया दुर्घटना होते ही परिजन व आसपास के लोग इकट्ठे हो गए और सड़क पर वाहनों की लाइन लग गई दुर्घटना का पता लगते ही शिवरीनारायण थाना से पुलिस मौके पर पहुंचे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और जांच पर जुट गई। इधर हादसे के मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड इकट्ठा हो गई।

### बालपुर में आखिर 40 घंटे बाद बदला गया बिगड़े ट्रांसफार्मर

**बहेराडीह।** ग्राम बालपुर में अचानक बिजली ट्रांसफार्मर में आई खराबी को करीब 40 घंटे बाद विद्युत विभाग ने नये ट्रांसफार्मर लगाकर ग्रामीणों को भीषण गर्मी से राहत दिलाया। शनिवार 4 अप्रैल को रात्रि 9 बजे बिजली ट्रांसफार्मर में तकनिकी खराबी आई। जिससे लोग शनिवार और रविवार को रात को न सिंर्फ अंधेरा में गुजर बसर करना पड़ा, बल्कि रविवार 5 अप्रैल को दिन में भी भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने सरपंच अनिल चौहान और प्रतिनिधियों के साथ विद्युत मंडल चांपा बड़े संख्या में पहुंचे और समस्या से विभागीय अधिकारियो को अवगत कराया। पुराने बिगड़े ट्रांसफार्मर के बदले नये ट्रांसफार्मर लगाकर गांव में बिजली चालू किया गया। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

---

# डेटोनेटर फटने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





पुलिस गिरफ्त में आरोपी तथा सीएचसी में लगी आग।

वेदान्त सर्विस सीएचसी सेंटर में डेटोनेटर फटने से कंम्यूटर सामाग्री, कुर्सी, टेबल एवं अन्य सामग्री का हुआ था। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम बनाहिल का है।

इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धरदेई निवासी प्रार्थी भुपेन्द्र कुमार साहू हाल मुकाम बनाहिल थाना मुलमुला का ग्राम बनाहिल स्टेट बैंक के बगल में किराये के मकान में रहता है और सामने वेदान्त सर्विस के नाम से सीएचसी सेंटर सेन्टर चलाता है। रात्रि करीबन 11:45 बजे भुपेन्द्र अपने दुकान का शटर खुलने तथा बंद होने की आवाज सूनकर कमरे के अन्दर से दुकान पर आया तब देखा दुकान में धुंआ भर रहा था तथा कुछ रस्सी जैसे जल रहा था, जिसे उठाकर देखा तो वह ब्लास्ट करने वाला डेटोनेटर था। जिसमें चार डेटोनेटर जला हुआ था। जिसे उठाकर दुकान के बाहर फेंका वैसे ही उसमें भारी जोर विस्फोट हुआ जिसके चलते दुकान में रखे कम्प्यूटर, सीपीयू, कुर्सी, रेक, प्रिंटर सभी टूट गये ब्लास्ट होने से प्रार्थी के वांया पैर में चोट लगी है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस स्टाफ एवं फोरेंसिक विभाग के वैज्ञानिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस ने रूपेश कुमार वर्मा, रमन कुमार कैवर्त्य अनुज केंवट को पकड़ा और जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया ।

---

## जिले की प्रभारी एसपी ने संभाला पदभार, कानून व्यवस्था पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सेनानी 6वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रायगढ़ ने जांजगीर-चांपा जिले की प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल ने सोमवार 6 अप्रैल को पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने जिले की कानून-व्यवस्था एवं ड्यूटी से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की।

जानकारी के अनुसार, जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय 6 अप्रैल से 15 मई तक राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में आयोजित 48वीं आईपीएस इंडक्शन ट्रेनिंग में शामिल होने गए हैं। उनके अनुपस्थित रहने के दौरान निवेदिता पाल को प्रभारी एसपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदभार ग्रहण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार, डीएसपी (मुख्यालय) विजय पैकरा, सीएसपी योगिताबाली खापर्डे एवं थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों से परिचय भी प्राप्त किया।

---

## बोलेरो-कार की टक्कर में पिता-पुत्र की गई जान



क्षतिग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम बूचीहरदी की घटना

बोलेरो और कार की आमने-सामने टक्कर में कार सवार पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए। घटना बलौदा क्षेत्र अंतर्गत बुचीहरदी की है।


इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 5 अप्रैल की शाम की है। अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम अमोरा निवासी रूपेश निर्मलकर, राहुल निर्मलकर, भगवती निर्मलकर एवं उसका भांजा वैगन कार क्रमांक सीजी 12डी 7448 में कार सवार होकर बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरी आए थे। वहीं दूसरे वाहन बोलेरो में हरदी बाजार मुड़ापार निवासी भखलाराम एवं उनका परिवार ग्राम पौना से हरदी बाजार लौट रहे थे। अभी वे बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बूचीहरदी पहुंचे थे। इस बीच बोलेरो एवं वैगन आर में जबरदस्त भिडंत हो गई। घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार सवार रूपेश निर्मलकर उम्र 38 वर्ष एवं राहुल निर्मलकर उम्र 25 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार में सवार भगवती निर्मलकर उम्र 40 वर्ष एवं उनका भांचा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास लोगो की भीड इकट्ठा हो गई। वहीं मामले की सूचना बलौदा पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही बलौदा पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

### रवाना होने के पूर्व राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने निकली जिले की बेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



मुख्यमंत्री से मुलाकात करने पहुंची पर्वतारोही अमिता श्रीवास।

विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने के संकल्प के साथ जिले की बेटी काठमांडू रवाना होने के पूर्व राजधानी रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनका हौसला बढ़ाया।

ज्ञात हो कि जांजगीर चांपा जिले के चांपा निवासी पर्वतारोही सुश्री अमिता श्रीवास ने काठमांडू रवाना होने के पूर्व सोमवार 6 अप्रैल को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कहा कि आगामी 9 अप्रैल को सुश्री अमिता विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने के संकल्प के साथ काठमांडू के लिए रवाना हो रही हैं। यह केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि की यात्रा नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की आकांक्षाओं, साहस और आत्मविश्वास की ऊंची उड़ान है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अमिता का यह अभियान इस बात का प्रमाण है कि यदि संकल्प अटल हो, तो कोई भी ऊंचाई असंभव नहीं रहती। प्रदेश की बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से नए मानक स्थापित कर रही हैं और छत्तीसगढ़ को नई पहचान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि अमिता श्रीवास ने वर्ष 2021 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माउंट किलिमंजारो को फतह कर पहले ही अपनी क्षमता और दृढ़ता का परिचय दिया है। उनका यह सतत प्रयास न केवल उपलब्धि है, बल्कि प्रदेश की युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों के लिए एक जीवंत प्रेरणा है। अमिता इस साहसिक अभियान में सफलता प्राप्त कर विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर देश का तिरंगा फहराएंगी और छत्तीसगढ़ सहित पूरे राष्ट्र का गौरव बढ़ाएंगी। मुख्यमंत्री ने सुश्री अमिता श्रीवास को इस महत्वपूर्ण अभियान के लिए प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### आजाद नगर में 40 हजार नगद सहित आभूषणों की चोरी



**कोरबा।** बालको नगर क्षेत्र अंतर्गत आजाद नगर में बदरे आलम के यहां गत रात्रि चोरी की घटना हो गई। यहां से 40 हजार नगद सहित डेढ़ लाख के जेवरात की चोरी की गई है। घटना की रिपोर्ट बालको थाना में दर्ज करायी गई है। मामले की जांच की जा रही है।
बताया जाता है कि बालकोनगर क्षेत्र के आजाद नगर निवासी बदरे आलम ट्रांसपोर्ट नगर में एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में काम करता है। पिछले दिनों वह अपने गृह कार्य की वजह से बिहार गया हुआ था। जहां से वापस आने के बाद उसे घर में चोरी की जानकारी हुई। बताया जाता है कि चोरों ने घटना के दौरान घर में रखे 40 हजार रुपए नगद सहित सोने चांदी के जेवरात को पार कर दिया है। इस मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करायी गई है। घटना में अपराध दर्ज कर पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए जांच पड़ताल शुरु कर दी है। बताया जाता है कि नगद राशि सहित ढाई से तीन लाख रुपए की सामान पार हुए हैं।

### भाजपा स्थापना दिवस पर चलाएगी विशेष सेवा सप्ताह

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी आगामी 6 अप्रैल को अपना 47वाँ स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इस अवसर पर पार्टी द्वारा 6 से 12 अप्रैल तक एक विशेष सेवा सप्ताह और संगठनात्मक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी ने उक्त कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार, बूथ स्तर से लेकर जिला और प्रदेश स्तर तक व्यापक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पार्टी कार्यालयों और घरों में 5 से 7 तक अप्रैल को दीपोत्सव किया जाएगा। स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाते हुए 5 से 7 अप्रैल को प्रदेश एवं सभी जिला कार्यालयों में विशेष सजावट की जाएगी। कार्यालयों को झालर, दीपों और रंगोली से भव्य रूप दिया जाएगा।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में 17 तक कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई है। इन विद्यालयों का उद्देश्य प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट और एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु सघन तैयारी उपलब्ध कराना है। जारी समय-सारणी के अनुसार प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 24 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल तक निर्धारित है। ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर विद्यार्थी 18 अप्रैल से 21 अप्रैल के मध्य सुधार कर सकेंगे। इसके पश्चात 22 से 28 अप्रैल तक जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। अभ्यर्थी अपने प्रवेश-पत्र 1 से 9 मई के मध्य डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया जाएगा।

### एनसीए कैंप के लिए छत्तीसगढ़ से तेज गेंदबाज रोहित यादव का चयन

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिला ड्यूस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में संचालित बिश्रामपुर टैलेंट हंट क्रिकेट एकेडमी के युवा तेज गेंदबाज रोहित यादव का चयन नेशनल क्रिकेट एकेडमी के लिए हुआ है जिससे नगर के खेल प्रेमियों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल बना है। अकादमी के संचालक एवं कोच यूपी केशरी ने बताया कि रोहित यादव टैलेंट हंट क्रिकेट एकेडमी के मार्गदर्शन में विगत 8 वर्ष से अभ्यासरत है। यह सफलता उन्हें नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन से प्राप्त हुई है। रोहित यादव ने इस वर्ष वीनू मांकड ट्रॉफी व कुच बिहर ट्रॉफी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है जिसका उन्हें परिणाम मिला है।

# गेवरा-पेंड्रारोड ट्रैक पर पेंड्रा से भाटी तक दौड़ा डीजल इंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा से पेंड्रा रोड 135 किलोमीटर लंबे ट्रैक में पेंड्रा से भाटी तक 25 किलोमीटर डीजल इंजन चलाकर इसका परीक्षण किया गया। दिसंबर 2026 तक इस ट्रैक के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी चल रही है। ट्रैक के पूरा होने के बाद कोल परिवहन के लिए इसका उपयोग होगा। भविष्य में यात्री गाड़ी चलाए जाने की तैयारी भी हो सकेगी।

अलग खबर

गेवरा से पेंड्रारोड तक 135 किलोमीटर तक निर्माण कार्य ईरकान कंपनी द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार को पेंड्रारोड से भादी तक 25 किलोमीटर डीजल इंजन दौड़ाकर इसका परीक्षण किया गया है। ट्रैक के पूरा होने से गेवरा कुसमुंडा एसईसीएल कोयला खदानों से कोल परिवहन का कार्य शुरू हो सकेगा। वर्तमान में गेवरा से लेकर पसान तक निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा है। किन्तु पिछले 4 माह से तकनीकी कारणों के चलते निर्माण कार्य बंद होने से प्रोजेक्ट के अपने निर्धारित समय पर पूरा नहीं होने की स्थिति निर्मित हुई थी। अधिकारियों का कहना है कि दिसंबर 2026 तक इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत चल रहे ट्रैक निर्माण को लेकर रेलवे के अधिकारियों के द्वारा इसका लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। पिछले महीने कोरबा प्रवास पर आए रेलवे के जीएम ने भी गेवरा पेंड्रारोड रेल लाइन के संबंध में जानकारी ली थी और कुछ स्थानों पर निरीक्षण भी किया था।

## दिसंबर 2026 तक पूरा होगा प्रोजेक्ट का काम

**खास बात**
- ट्रैक का किया गया परीक्षण, निर्माण पूरा होने के बाद शुरु होगा अन्य राज्यों के लिए कोल परिवहन



### कंपनी के सामान भी हो चुके हैं चोरी

रेलवे ट्रैक निर्माण स्थल से इरकान कंपनी के कई कीमती सामानों के चोरी होने की घटनाएं हुई हैं। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधन नहीं होने के कारण कंपनी के कई कीमती सामान चोरी होने की रिपोर्ट भी पुलिस में दर्ज कराई गई है। इसकी वजह से भी कंपनी के लगातार चलने वाले निर्माण कार्य को रोकना पड़ गया था। कंपनी के अधिकारियों ने भी साइड स्थल से सामानों के चोरी होने के कारण निर्माण कार्य कई बार बंद रहा।

## बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुराकछार के समीप हुई दुर्घटना

# तेज रफ्तार हाईवा ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल, चक्काजाम



दुर्घटनाकारित हाईवा।



घटनास्थल पर जुटी लागों की भीड़।

**खास बात**
- बाजार से सब्जी लेकर दो युवक लौट रहे थे घर, बीच रास्ते में हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राम सालियाभाटा सुमेधा निवासी दो युवक सुबह बाजार करके मोटरसाइकिल में अपने घर वापस लौट रहे थे बीच रास्ते में पहुंचे थे कि एक तेज रफ्तार हाईवा के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मोटरसाइकिल में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फूट पड़ा था और मृतक के परिजनों को मुआवजा सहित विभिन्न मांगों को लेकर चक्काजाम कर दिया था। घंटों चले चक्का जाम के दौरान पुलिस और प्रशासन की टीम ने ग्रामीणों को समझाइश दी तब जाकर मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सलिहाभांठा सुमेधा निवासी रामेश्वर सिंह कंवर उम्र 36 वर्ष पिता गरुड़ सिंह अपने एक अन्य साथी के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर सलिहाभांठा सुमेधा से सुराकछार बाजार आया हुआ था। जहां से बाजार कर रामेश्वर सिंह अपने साथी के साथ वापस अपने गांव सलिहाभांठा लौट रहा था कि सुराकछार शराब भट्टी के समीप पहुंचा था कि एक तेज रफ्तार हाईवे के चालक ने एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रामेश्वर सिंह कुमार की मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे रामेश्वर सिंह की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसके एक अन्य साथी को गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया। हादसे के होते ही स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमार्ग में चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम व हादसे की सूचना मिलते ही बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिंह दलबल सहित मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश देने का प्रयास करते रहे लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। लगभग दो से ढाई घंटे तक लगातार चक्का जाम चलता रहा। इसके उपरांत दुर्घटना को अंजाम देने वाले हाईवे के मालिक ने मृतक के परिजनों को 1 लाख 50 हजार रुपए व जिला प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता की राशि प्रदान की गई। जिसके उपरांत ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया।

# दुष्कर्म की कोशिश, पोल खुलने के डर से हत्या कर कुंए में फेंकी मासूम की लाश



कुंए से मासूम का शव निकालते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 8 साल के मासूम बच्चा अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहा रहा था इस दौरान उसके घर के ठीक सामने रहने वाला 18 वर्षीय युवक मासूम बच्चे को भेलवा खाने के नाम पर अपने साथ ले गया और उसके साथ अनाचार का प्रयास किया जब बच्चे ने इसका विरोध किया तो युवक ने पत्थर से मासूम के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया और कहीं उसकी पोल ना खुल जाए इसके लिए उसने बच्चे को पत्थर से बांध दिया और कुंए में फेंक दिया। जब बच्चा अपने घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को उसकी चिंता सताने लगी और थाना में गुमशुदगी दर्ज करायी गई। पुलिस जब हरकत में आयी तो पुलिस ने आरोपी युवक की निशानदेही पर मासूम बच्चे के शव को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला पाली थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में घटित हुई है। घटना 2 अप्रैल की है जब मासूम आयान पिता शिव सिंह अपने दोस्तों के साथ तालाब गया था। मासूम को क्या पता था कि जिस पड़ोसी युवक रंजीत कुमार को वह जानता है, वही काल बनकर सामने खड़ा है। नशे में धुत आरोपी ने बच्चे को अकेला पाकर बहला-फुसलाकर सुनसान जगह ले गया। आरोपी ने मासूम के साथ यौन शोषण करने का प्रयास किया। जब डरे हुए मासूम ने शोर मचाया, तो पकड़े जाने के खौफ में आरोपी ने भारी पत्थर से बच्चे के सिर पर ताबड़तोड़ किया जिससे बच्चे का सिर फट गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। इतना ही नहीं आरोपी ने अपराध छुपाने के लिए बच्चे के शव को पड़ोसी गांव करतली के एक कुएं में फेंक दिया था।



आरोपी।

**खास बात**
- पाली थाना क्षेत्र के ग्राम सोहागपुर का मामला, आरोपी भेजा गया जेल

# नई मिसाल पेश कर रही यादव समाज की एकजुटता : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यादव समाज आज एकजुटता की नई मिशाल पेश कर रहा है। अलग-अलग क्षेत्र के सभी यादव समाज के भाइयों एवं बहनें मिलकर समाज की उन्नति एवं प्रगति हेतु कार्य कर रहे हैं। समाज की पहचान सच्चे सरल एवं सहजता के तौर पर जानी जाती है।

**खास बात**
- उद्योग मंत्री ने सर्व यादव समाज के नवीन कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

उक्त बातें कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने बालकोनगर के न्यू शांति नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में सर्व यादव समाज के नवीन पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कही। कार्यक्रम चंद्रपुर के विधायक रामकुमार यादव, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत की मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन एवं सभी अन्य अतिथियों ने राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की। मंत्री श्री देवांगन ने जय यादव-जय माधव का उद्घोष करते हुए सभी नवीन पदाधिकारियों को नवीन दायित्व की शपथ दिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री देवांगन ने कहा कि यादव समाज का स्नेह और आशीर्वाद मुझे सदैव प्राप्त होता रहा है। समाज की मांग पर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत चार स्थानों पर विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृत कराकर कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। इसमें वार्ड क्रमांक 13 स्थित रामकृष्ण मंदिर में यादव समाज की मांग पर ऊपरी तल का निर्माण कार्य लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 54 जमनीपाली में सामुदायिक भवन लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 67 बलगी दशहरा मैदान में सामुदायिक भवन निर्माण लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 39 बालकों के राधा कृष्ण मंदिर में ऊपरी तल का निर्माण कार्य 10 लाख का कार्य पूर्णता की ओर है, आप सभी की उपस्थिति में बहुत जल्द कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, संरक्षक कमलेश यादव, अनूप यादव, नाथू यादव, केदार यादव, हीरालाल यादव, राम रतन यादव, चंद्रमणि यादव, सुखीराम यादव, कमल नारायण यादव, शिवलाल यादव, रामायण यादव, सतीश यादव, विनोद यादव, सत्यनारायण यादव, सुखीराम यादव, शिवलाल यादव, रामायण यादव, सतीश यादव विनोद यादव, रमेश यादव, शारदा यादव, अजय यादव, पुरुषोत्तम यादव , बुधवार यादव, भोजपुर जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद मंगल बंदे, अनिल यादव, उत्तम देवांगन सहित अधिक संख्या में समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन एवं अन्य।

# उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रहा गैस सिलेण्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोयलांचल क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारत गैस गेवरा प्रोजेक्ट कंज्यूमर्स को-आपरेटिव स्टोर्स लिमिटेड के चक्कर काटते-काटते उपभोक्ताओं के जूते घिस गए हैं लेकिन उन्हें गैस सिलेंडर नसीब नहीं हो रहा है स्थिति यह है कि एसईसीएल कर्मचारियों सहित आम उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है जो कभी भी एक बड़े जन-आंदोलन का रूप ले सकता है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि सप्ताह में एक या दो बार ही गैस की गाड़ी आती है लेकिन उसमें भी बड़े स्तर पर सिलेंडर की हेरा-फेरी हो रही है रसूखदारों और बिचौलियों की साठगांठ के कारण आम उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है कई महीनों से बुकिंग के बावजूद डिलीवरी न मिलना प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। गैस की अनुपलब्धता का सीधा असर चूल्हे-चौके पर पड़ा है घर का खाना समय पर नहीं बन पा रहा है जिससे कामकाजी कर्मचारियों और बच्चों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है आक्रोशित उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस न मिलने के कारण उन्हें घर में अपनी गृह-लक्ष्मी की खरी-खोटी सुननी पड़ रही है ।

**खास बात**
- एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में उपभोक्ता हलाकान

**कार्यालय तहसीलदार पामगढ़**
**जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**नोटिस सूचना पत्र**

क्रमांक / 368 / वाचक / तह. / 2026
पामगढ़, दिनांक 06-04-26

प्रति, 1. शेखर पिता राजकुमार
2. सतीश पिता चैतुराम
3. भीम पिता चैतुराम सभी जाति सूर्यवंशी साकिन धनगांव तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग.

विषयः- न्यायालय में उपस्थिति बाबत्।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202603063 100052/अ- 6/2025-26 पक्षकार बूंदाबाई बनाम राजकुमार वगैरह ग्राम धनगांव तहसील पामगढ़ द्वारा ग्राम धनगांव स्थित खसरा नंबर 421/3 रकबा 0.138 हे. भूमि को आवेदिका बूंदाबाई के नाम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन का इस न्यायालय में सुनवाई दिनांक 13.04.2026 नियत किया गया है।

अतः उक्त सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 13.04.2026 को अनिवार्य रूप से आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे। अनुपस्थित होने की स्थिति में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

**तहसीलदार**
**पामगढ़**
**जिला-जजगीर चांपा (छ.ग.)**

जॉजगीर मार्केट

फर्नीचर एवं डोर
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टैंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

सेन्ट्रीग सामान का थोक भंडार
आपके शहर जांजगीर में सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग मे बल्ली, राप्टर, कढी, बत्ता, वेडी, सेन्टीग प्लेट, सेन्टीग प्लाई बांस, चौखट, खिड़की दरवाजे थोक एवं चिल्हर कम दर पर प्राप्त करे बबूल, सागौन, सराई, खम्हार एवं अन्य इमारती लकड़ी मिलने का एक मात्र स्थान
नोट - जलाऊ लकड़ी एवं जलाऊ गुटका थोक एव चिल्हर मे प्राप्त करे
विशेष - अग्निशामक यंत्र (फायर सेफ्टी) मिलने का एक मात्र स्थान
सिंघनिया लकड़ी लघु उद्योग
नेती जी चौक लिंक रोड जांजगीर बैंक आफ बडौदा के बाजू मे
प्रो. शंकर सिंघानिया मो-93023 62173

# सीआईएल के चेयरमेन ने रेल कॉरिडोर, गेवरा व दीपका खदानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोलइंडिया के चेयरमेन बी साईराम ने छत्तीसगढ़ ईस्ट-वेस्ट रेल लिमिटेड रेल कॉरिडोर के निर्माण कार्यों के निरीक्षण किया। इस दौरान श्री साईराम ने जुनाडीह कनेक्टिविटी यार्ड, टेक-ऑफ यार्ड तथा सुराकछार लाइन के समीप विभिन्न स्थलों का दौरा कर कार्य प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने श्री साईराम को जानकारी दी कि प्रमुख यार्डों का निर्माण जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। इस पर चेयरमैन ने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन बी साईराम दूसरे दिन भी एसईसीएल के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में संचालित प्रमुख परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उनके साथ एसईसीएल के सीएमडी हरिश दुहन कंपनी के कार्यात्मक निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। चेयरमेन श्री साईराम ने पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष बल देते हुए एम्बैंकमेंट की ढलानों पर टर्फिंग कर हरित आवरण विकसित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात चेयरमैन ने एशिया की सबसे बड़ी गेवरा खदान का दौरा किया। गेवरा व्यू पॉइंट से उन्होंने माइन प्लान के माध्यम से खदान संचालन की समीक्षा की तथा उत्पादन क्षमता को 70 मिलियन टन तक ले जाने की कार्ययोजना पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने 1000 टीपीएच क्षमता वाले क्रशर, एनटीपीसी पब्लिक साइलो डिस्पैच सिस्टम, कोल स्टॉक एवं साइलो 5 व 6 की प्रगति का निरीक्षण किया। चेयरमैन ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया। चेयरमैन ने कहा कि अधिकारियों को श्रमिकों के साथ सतत संवाद बनाए रखना चाहिए तथा उनके हितों और कल्याण को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खदानों में कार्य करने का अनुभव अद्वितीय संतोष प्रदान करता है। इसके बाद उन्होंने दीपका खदान का दौरा किया, जहां व्यू पॉइंट से खदान की प्रगति, भूमि उपलब्धता एवं 40 मिलियन टन से अधिक उत्पादन प्राप्त करने की रणनीति पर चर्चा की गई।



निरीक्षण करते चेयरमेन श्री साईराम एवं उपस्थित अन्य अधिकारी।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# ममूटी और मोहनलाल 17 साल बाद एक साथ

**मुंबई।** फिल्म 'पैट्रियट' में 17 साल बाद ममूटी और मोहनलाल एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। यह जासूसी थ्रिलर 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की कहानी एक विवादास्पद खुफिया मिशन के इर्द-गिर्द घूमती है। ममूटी डेनियल जेम्स की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि मोहनलाल उनके पुराने दोस्त और सैनिक का किरदार निभा रहे हैं। ये दोनों एक गुप्त अभियान शुरू करते हैं ताकि साजिश का पर्दाफाश कर सकें और देश की रक्षा कर सकें। पैट्रियट का निर्माण एंटो जोसेफ और केजी अनिल कुमार ने एंटो जोसेफ प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है और इसे किचाप्पस एंटरटेनमेंट्स ने प्रस्तुत किया है।

लाइफ Style

# जाह्नवी डीपफेक्स का हुई शिकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने डीपफेक्स को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने अपने साथ स्कूल में हुई एक डिस्टर्बिंग घटना के बारे में भी बताया।*

जाह्नवी ने कहा, मुझे नहीं पता इसे टेक्निकली डीपफेक कहेंगे, लेकिन ये कुछ ऐसा ही था. मैंने अपनी फोटोज अश्लील साइट पर देखी थी। हमारी आईटी क्लास थी स्कूल में। लड़के उन साइट्स पर जाते थे फन के लिए और मेरी फोटोज वहां थीं। मैं उस वक्त 15 साल की थीं। ये बहुत खराब एक्सपीरियंस था। आगे जाह्नवी ने कहा, एक प्वॉइंट पर, मुझे लगा क्यो? क्या ये वो कीमत है, जो आपको चुकानी पड़ती है? जैसे कि इन चीज़ों में कोई नैतिकता ही न हो। सोशल मीडिया पर सब अपनी बातें रख रहे हैं। अब नैतिकता के मामले में बिहेवियर थोड़ा-बहुत सुधरा है लेकिन बड़े पैमाने पर ये अभी भी समस्या है। बहुत से लोगों को ये नॉर्मल लगता है। आप एक पब्लिक फिगर हैं, इसलिए ऐसा होगा ही। जाह्नवी ने एआई जेनरेटेड फोटोज को लेकर भी कहा, इससे मैं शांति में नहीं हूं। मेरे कई ऐसे विजुअल्स हैं, यहां तक कि ऑफिशियल न्यूज पेजेस पर भी सर्कुलेट हुए हैं, जो पूरी तरह से एआई से बने हैं। मैंने कभी वो चीजें नहीं पहनी, मैंने कभी वैसे फोटोज नहीं क्लिक करवाए। लेकिन वो ऐसे सर्कुलेट हुए जैसे वो रियल हैं। जाह्नवी ने फिल्म धड़क से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था।



हॉलीवुड मसाला

# इतिहास के पन्नों को पलटा



**लॉस एंजिल्स।** पॉप आइकन टेलर स्विफ्ट ने एक बार फिर अपने संगीत के जरिए इतिहास के पन्नों को पलटा है। अपने हालिया एल्बम 'द लाइफ़ ऑफ़ अ शोगर्ल' के तीसरे सिंगल 'एलिज़ाबेथ टेलर' के लिए स्विफ्ट ने एक भावुक म्यूज़िक वीडियो जारी किया है, जो हॉलीवुड की अभिनेत्री एलिज़ाबेथ टेलर को भव्य श्रद्धांजलि है। गायिका ने अपने प्रशंसकों को तब चौंका दिया, जब उन्होंने इस वीडियो को विशेष रूप से स्पॉटिफाई और एप्पल म्यूजिक के सब्सक्राइबर्स के लिए जारी किया।



# 'मैड अबाउट यू' छोड़ने पर दुविधा में थीं लिसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार लिसा कुड्रो को आज भी लोग फीबी बुफे के रोल में याद करते हैं। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस शो ने उन्हें दुनियाभर में पहचान दिलाई, उसी को लेकर शुरुआत में वह पूरी तरह आश्वस्त नहीं थीं। दरअसल, जब उन्हें 'फ्रेंड्स' में कास्ट किया गया, तब वह पहले से ही एक दूसरे शो 'मैड अबाउट यू' में काम कर रही थीं और उसे छोड़ने को लेकर असमंजस में थीं। लिसा कुड्रो ने कहा, मैं 'मैड अबाउट यू' में अपने रोल को लेकर काफी गर्व महसूस करती हूं। इस शो में मेरा किरदार एक वेट्रेस का था। बेशक वह छोटा रोल था, लेकिन मेरे करियर के लिए काफी अहम था। ऐसे में जब मुझे 'फ्रेंड्स' का ऑफर मिला, तो मैं असमंजस में थी। मुझे यह डर था कि नया शो सफल होगा या नहीं, क्योंकि टीवी इंडस्ट्री में कई बार अच्छे शो भी ज्यादा समय तक नहीं चल पाते।




# मृणाल की 'डकैत' 10 को होगी रिलीज

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की अपकमिंग फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म की कहानी एक धोखा खाए आशिक की कहानी है, जो अपनी प्रेमिका से बदला लेता है। मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष, जो शादी और बच्चे का सपना एक साथ देख रहे हैं, लेकिन एक पल में दोनों की जिंदगी बदल जाती है। हरि (अदिवि शेष) जेल के अंदर होता है और मृणाल ठाकुर उसके खिलाफ कोर्ट में गवाही दे रही है। हरि बेगुनाह होने के बाद भी जेल में जिंदगी काटता है और मृणाल से बदला लेने का प्लान करता है। कहानी में बड़ा ट्विस्ट भी दिखाया गया है। कहानी में मृणाल ठाकुर एक बच्ची की मां बन चुकी है और हरि को इस बारे में नहीं पता।




# 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर आउट...

**मुंबई।** विजय सेतुपति ने फिल्म 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर लुक जारी किया है। फिल्म 'डोंट स्लीप' एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर शमदत ने पहली बार किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका इंद्राम निभा रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट में रविंद्र विजय, ताबा रीमा, ज्योती बनर्जी, सुनील थापा और आदुकलम नरेंद्र जैसे कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म के पहले पोस्टर में बर्फ से ढके पहाड़ों पर एक डरावना सीन दिखाया गया है। इंद्र राम की आंखें बंद हैं और उनके माथे पर पट्टी बंधी हुई है, जबकि रवींद्र विजय हाथ में बंदूक लेकर उनका पीछा कर रहे हैं। यह पोस्टर फिल्म की कहानी को दर्शाता है। शमदत ने 'उप्पेना', 'विरुपाक्षा' और 'थंडेल' जैसी फिल्मों में शानदार कैमरा वर्क किया है।

टीवी मसाला

# मानसिक रूप से परेशान दीपिका, बयां किया दर्द

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों कैंसर के बाद हुए सिस्ट के दर्द से जूझ रही हैं। उन्होंने हाल में ही अपने ब्लॉग में अपने दर्द को बयां किया है। उन्होंने ये भी बताया कि ये दौर उनके लिए काफी मुश्किल है।



पिछले कुछ महीनों से लीवर कैंसर स्टेज 2 जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहीं दीपिका ने हाल ही में अपने यूट्यूब ब्लॉग के जरिए प्रशंसकों के साथ एक भावुक अपडेट साझा किया है। जून 2025 में ट्यूमर रिमूवल सर्जरी और उसके बाद चले लंबे इलाज के बाद, अब एक नई स्वास्थ्य संबंधी रुकावट ने उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर दिया है। दीपिका ने अपने नए वीडियो में खुलासा किया कि कैंसर के इलाज के कुछ महीनों बाद उन्हें री-अकरेंस का सामना करना पड़ा है। उनके शरीर में 1.3 सेंटीमीटर का एक छोटा सिस्ट दोबारा पाया गया है, जिसने उन्हें अंदर से झकझोर दिया है। सर्जरी के बाद दीपिका ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि इस खबर ने उन्हें डरा दिया है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो इस दोबारा हुई समस्या और सिस्ट की खबर ने मुझे हिला दिया है। मैं थोड़ी घबरा गई हूं कि आखिर ऐसा क्यों हुआ और आगे मेरे लिए क्या चुनौतियां आने वाली हैं।' उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह इसी सोच में डूबी थीं, जिसके कारण वह अपना ब्लॉग भी पूरा नहीं कर पा रही थीं। बीमारी ने दीपिका की जीवनशैली और सोचने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है।

# मायसा का फर्स्ट लुक रिलीज

*रश्मिका मंदाना स्टारर 'मायसा' 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फैंस को इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। अपनी वर्सटैलिटी और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाने वाली रश्मिका ने अपनी परफॉरमेंस से हमेशा दर्शकों को सरप्राइज किया है, 'मायसा' में उनका लुक देख कर फैंस फिल्म के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म उन्हें एक निडर और दमदार रोल में दिखाएगी, जो उनकी ऑन-स्क्रीन इमेज को पूरी तरह बदल सकता है।*



**मुंबई।** मेकर्स ने एक कमाल का नया पोस्टर रिलीज किया है जिसमें टैलेंटेड स्टार पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आ रही हैं। यह मोनोक्रोम पोस्टर उनके इंटेंस लुक को कैप्चर करता है, जहां उनके चेहरे पर धूल और खून लगा है। जो उनकी रॉ पावर और इमोशन्स को साफ दिखाता है। यह दिलचस्प पोस्टर एक ऐसे किरदार की ओर इशारा करता है जो बोल्ड और रफ है, जिसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को तुरंत बढ़ा दिया है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, उसने अपनी चमक से राज किया। अपनी ग्रेस से दिल जीते। अब वो आ रही है अपनी बेमिसाल रफ़्तार और गुस्से के साथ। तैयार हो जाइए उनकी अब तक की सबसे धमाकेदार परफॉरमेंस के लिए. 2026 में सिनेमाघरों में।

# अक्षय ने की ट्विंकल संग पुरानी यादें साझा

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में जहां रिश्ते अक्सर चर्चा और सुर्खियों में बने रहते हैं, वहीं कुछ जोड़ियां ऐसी भी होती हैं जो अपने सादगी भरे और मजबूत रिश्ते से लोगों का दिल जीत लेती हैं। ऐसी ही एक जोड़ी है अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना की, अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इस वीडियो में उनके रिश्ते की मस्ती और दोस्ती भी साफ दिखाई देती है। अक्षय कुमार के साझा किया गया यह



वीडियो उनकी मालदीव ट्रिप की पुरानी यादों से जुड़ा हुआ है। इस वीडियो में दोनों एक खूबसूरत जगह पर साथ चलते हुए नजर आते हैं, जहां चारों ओर साफ नीला पानी और शांत माहौल दिखाई दे रहा है। दोनों हाथ में हाथ डाले चलते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय कुमार ने मजाकिया अंदाज में लिखा, मैं हर दिन अपनी पत्नी पर फिदा हो जाता हूं, लेकिन कभी-कभी कोहनी लदने के बाद।

# 50 किलो का लहंगा पहनकर रैंप पर छाईं

*बॉलीवुड एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने एक टाइम में अपनी अदाओं से सबको दीवाना बना रखा था। वहीं एक्ट्रेस शादी और मां बनने के बाद एक्टिंग से दूर हो गईं। हालांकि, वो सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं, लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने अपने लुक्स से सबका ध्यान खींच लिया।*

**मुंबई।** फैशन वीक में बिपाशा ने दुल्हन के गेटअप में रैंप पर एंट्री ली और जैसे ही उनका लुक सामने आया, सभी की नजरें बस उन्हीं पर टिक गईं। एक्ट्रेस ने रेड कलर का 50 किलो का लहंगा पहना था, जिसमें वो काफी खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने गोल्डन एक्सेसरीज पहनी थी और उनका मेकअप भी कमाल का था। इवेंट से उनके कई वीडियोज समाने आए हैं। सोशल मीडिया यूजर्स उनके लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कोई उनके गॉर्जियस कह रहा है, तो कोई ब्यूटीफुल बता रहा हैं।

बिपाशा बसु ने काम को लेकर बात की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब फिर से काम शुरू करने का समय है और मैं बहुत खुश हूं। आप जानते हैं, यह मेरा पुराना प्यार है। मैंने सबसे पहले मॉडलिंग की थी, फिर एक्टिंग की. लोगों का प्यार मुझे हमेशा मिलता रहा है और आज भी मुझे वही प्यार मिला, जिससे मैं बहुत खुश हूं।




# 'धुरंधर 2' में छाया 41 साल पुराना गाना, दर्शकों में मचा रहा धूम

**मुंबई।** 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार कमाई कर रही है। इसकी सफलता के पीछे दमदार एक्शन, कहानी, निर्देशन और कलाकारों के साथ-साथ इसका बैकग्राउंड म्यूजिक और गाने भी हैं, जो हर तरफ छाए हुए हैं। फिल्म के दोनों भागों में कई पुराने गानों को रीमेक किया गया है, लेकिन 'धुरंधरः द रिवेंज' में एक ऐसा गाना है, जो लोगों के लिए काफी सरप्राइजिंग था। जैसे ही थिएटर में ये गाना बजा, हर तरफ सीटियां और तालियां गूंजने लगीं।

## फिल्म में कई पुराने गाने शामिल

धुरंधर 2 में म्यूजिक के तौर पर कई पुराने गाने शामिल किए गए हैं और जब ये गाने बजते हैं तो दर्शक भी इसकी वाइब से खुद को जोड़ पाते हैं। ये गाने नॉस्टैल्जिक टच भी देते हैं और पूरी फिल्म के दौरान ये वाइब बनी रहती है। लेकिन जैसे ही 41 साल पुराना राजेश खन्ना की फिल्म का गाना बजता है तो कान खड़े हो जाते हैं। ये गाना आपने टीवी, रेडियो पर जरूर सुना होगा, जिसके बोल हैं 'कभी बेखुदी ने मारा', जिसे 41 साल पहले किशोर दा ने आवाज दी थी।



***कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल :*** धुरंधरः द रिवेंज में किशोर कुमार के 'कभी बेखुदी ने मारा' के अलावा और भी कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल किया गया है। धुरंधर 2 में तम्मा तम्मा लोगे, ओए ओए... तिरछी टोपी वाले, हम प्यार करने वाले जैसे गाने शामिल हैं। इससे पहले दिसंबर 2025 में रिलीज हुए पहले भाग 'धुरंधर' में भी कई पुराने गाने सुनने को मिले थे, जिन्हें दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म में अरमान (1981) का 'रंभा हो' और 'दस मैं की प्यार विचों खटिया' जैसे गाने सुनने को मिले थे।

***सुरों के सरताज किशोर कुमार ने दी थी आवाज :*** हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना पर फिल्माया गया गाना 'कभी बेखुदी ने मारा' 1985 में रिलीज हुई फिल्म 'अलग-अलग' का है, जिसे सुरों के सरताज किशोर दा ने आवाज दी थी और संगीतकार की जिम्मेदारी आरडी बर्मन ने निभाई थी। धुरंधरः द रिवेंज में ये गाना तब सुनाई देता है जब हमजा (रणवीर सिंह) आलम (गौरव गेरा) को अपनी एक स्पाई बनने से पहले की दास्तान सुनाता है। जैसे ही थिएटर में ये धुन बजती है, देखते ही दर्शकों के सरप्राइजिंग रिएक्शन आने लगते हैं।

**खबर संक्षेप**

## शिक्षा मंत्री ने राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से ममता को किया सम्मानित




**चांपा।** नवाजतन में उत्कृष्ट कार्य के लिए बम्हनीडीह ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला सोंठी की सहायक शिक्षक ममता जायसवाल को राज्य स्तरीय एफएलएन सह नवाजतन वॉरियर्स शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। दुर्ग के खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के हाथों प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर वॉरियर्स शिक्षक सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें विद्यालय में नवाजतन के माध्यम से बच्चों में कक्षा स्तर की दक्षता लाते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 21 वी सदी के कौशल लाने उनके बेहतर प्रयास के लिए दिया गया है । ममता ने नवाजतन के माध्यम से नवाचार कर मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान एफएलएन में उत्कृष्ट योगदान देकर बच्चों को एफएलएन में दक्ष किया है। यह सम्मान एससीईआरटी के मार्गदर्शन में एफएलएन और नवाजतन रिसोर्स शिक्षक परिवार छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया था ।

## डॉ. अंबेडकर कीर्ति सम्मान से नवाजे जायेंगे डॉ. गुलाब चंद भारद्वाज

**खरौद।** अखिल भारतीय कबीर मठ सदगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू एवं डॉ. अंबेडकर



प्रतिमा अनावरण सेवा समिति रोहिणी के संयुक्त तत्वाधान में 14 अप्रैल को नागौर जिले के रोहिणी में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती समारोह कार्यक्रम में शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद, जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गुलाबचंद भारद्वाज को साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु डॉ. अंबेडकर कीर्ति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम कबीर आश्रम के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत डॉ. नानक दास महाराज के निर्देशन में एवं नागौर विधायक हरेंद्र मिर्धा की मुख्य आतिथ्य एवं प्रो. डॉ. परिन सोमानी सीईओ, लंदन ऑर्गेनाइजेशन आफ स्कील डेवलपमेंट, डॉ. मंजू मेघवाल पूर्व राज्य मंत्री, पद्मश्री हिमताराम भाम्भू, डॉ. अमित यादव जिला कलेक्टर नागौर तथा महेश चंद्र शर्मा रोहिणी ग्राम पंचायत की अध्यक्षता में आयोजित है। ज्ञात हो कि डॉ. जी. सी. भारद्वाज एक प्रख्यात समाजशास्त्री, शिक्षाविद, लेखक और कवि होने के साथ-साथ एक सामाजिक चिंतक भी है, जो पूर्व में भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान एवं अवार्ड से सम्मानित किया जा चुके हैं। वर्तमान समय में इनकी कई किताबें और पत्र पत्रिकाओं में आलेख प्रकाशित हुए हैं। अभी-अभी इनकी गुरु ग्रंथ और बिखरे मोती जैसे बहुमूल्य किताबें प्रकाशित हुई है और अन्य कई पुस्तकें प्रकाशनाधीन है।

## बीरभांठा में पांच दिवसीय रामायण उत्सव का आयोजन आज से

**मालखरौदा।** ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम वीरभाठा में पांच दिवसीय रामायण उत्सव का आयोजन 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए संरक्षक बुद्धेश्वर नाविक सरपंच ग्राम पंचायत वीरभाठा ने बताया की प्रतिदिन शाम 4 बजे से देर रात तक मानस मंडलियों द्वारा संगीत में रामायण गायन द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। चार दिनों के प्रस्तुति उपरांत श्रेष्ठ 11 मानस गायन मंडलियों को प्रतियोगिता होगी जिसमें प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार 8 हजार, तृतीय पुरस्कार 6 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 3 हजार, पंचम पुरस्कार 2 हजार, षष्टम पुरस्कार सप्तमान पुरस्कार 1500, अष्टम पुरस्कार एवं नवम पुरस्कार 1100, दसवां पुरस्कार 1000, 11 वां पुरस्कार 700 तथा 12 पुरस्कार 500 रूपये दिया जाएगा। साथ ही श्रेष्ठ तबला वादक, टीकाकर व श्रोताओं को 500, 500 सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा, बीडीसी आनंद दास, अध्यक्ष प्रांतीय अध्यक्ष गवेल समाज लालू गवेल तथा उद्योगपति किशोर नाविक उपस्थित रहेंगे। जबकि फाइनल के दिन रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर मुख्य अतिथि होंगे। 10 प्रतिभावान चयनित 10 मानस गायन मंडलियों को सम्मान कर पुरस्कृत करेंगे तथा लॉटरी द्वारा उनकी मंचीय प्रस्तुति निश्चित करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन दुर्गा चौक में होगा। कार्यक्रम का संचालन गोवर्धन यादव एवं तुला दास महंत करेंगे, जबकि निर्णायक के रूप में शीला यादव ,संत दास महंत तथा संजू मरावी सेवाएं देंगे। आयोजन की तैयारी में प्रबंधन समिति के रणविजय मरावी, सुमेंद यादव, फिरतु राम, पुनि राम, धीरज नाविक, रामेश्वर यादव, उमेद यादव, शिक्षक गोवर्धन यादव, तामेश्वर दास, ओम दास एवं ग्रामवासी जुटे हुए है।

## कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ



**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के ठाकुर देव चौक में संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भाजपा स्थापना दिवस एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

# पं. उपाध्याय ने ज्ञान, तपस्या और राष्ट्र सेवा के संकल्प से समाज में छोड़ी अमिट छाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शक्तिकेंद्र कोटमी सोनार, भाजपा ग्रामीण मंडल अकलतरा में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तेलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल महामंत्री सुबोध थवाईत ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का एक सशक्त संकल्प है, जिसका मूल उद्देश्य राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि और अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नगला चंद्रभान ग्राम में हुआ था। कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत करने के बावजूद उन्होंने अपने ज्ञान, तपस्या और



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

राष्ट्र सेवा के संकल्प से समाज में अमिट छाप छोड़ी। वे महान चिंतक एवं दार्शनिक थे, जिन्होंने "एकात्म मानववाद" का सिद्धांत दिया। उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति तब संभव है, जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुख-सुविधाएं एवं विकास का लाभ पहुंचे। उनका प्रसिद्ध सिद्धांत "अंत्योदय" आज भी जनसेवा का प्रेरक आधार है। कार्यक्रम को पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष लखेश्वर पटेल, मंडल मंत्री ललित सोनी, युवा मोर्चा जिला मंत्री अनुराग मधुकर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर के.पी. पाण्डेय, महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती रमा मीरी, अनुराधा मिश्रा, एससी मोर्चा महामंत्री सूरज कुमार साडे, अजय सागर, सूर्यभीजीत मीरी, विशाल बंजारे, तुषार भार्गव, बूथ अध्यक्ष महेश्वर शुक्ला, पुनीराम साहू, भगवती गौड़, अजय यादव, फिरत पटेल, अभय शुक्ला, मनीष पांडेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने किया विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन



**चांपा।** भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं के घरों में कमल ध्वज लगाया गया। कई बूथों में शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संपर्क कर उनका सम्मान किया गया तो कई बूथों में घर घर कमल ध्वज लगा कर मोहल्ले में भाजपा संगठन की रीति नीति बताते हुए संगठन से जुड़ने का आग्रह किया गया। जिला सह संयोजक गिरीश मोदी के द्वारा भी चांपा मंडल के झुग्गी झोपड़ी वाले मोहल्ले के घरों में कमल ध्वज लगा कर शासन की योजनाओं से लाभान्वित लोगो से संपर्क किया गया। इस अवसर पर जिला सह संयोजक गिरीश मोदी के साथ भाजपा वरिष्ठ नेता महाराजा सीता राम गुहा, विद्या भूषण गोपाल, राजेंद्र यादव, बैजू सिदार, भुजबल यादव उपस्थित थे।



सड़क पर खोदे गए गड्ढे के कारण हो रही दिक्कत।

## पाइन लाइन बिछाने खोदा गया गड्ढा बना परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नगरपालिका के वार्ड कमांक 17 के नाका चौक के पास जल आवर्धन योजना के अन्तर्गत पाईप लाईन बिछाने के लिए बीच रोड को खोद दिया गया था। अब यह दुर्घटना का कारण बन गया है।

- वार्ड वासियों ने कहा सप्ताहभर में मरम्मत नहीं होने पर करेंगे उग्र आंदोलन

छाया पार्षद रामनरेश यादव ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा मरम्ममत करना था, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण आम जनता को परेशानी का समना करना पड़ रहा है। इस रास्ता से मालखरौदा,जैजैपुर, सिंघसरा जाने के लिए हजारो की संख्या में फोर व्हीलर एवं टू व्हीलर गाड़ियां का आना जाना लगा रहता है। साथ ही पास में दो स्कूल के बच्चों का आना-जाना लगा रहता है। आए दिन कोई ना कोई गाड़ी उस गड्ढे में गिर जाती है जिसके कारण महिला एवं बच्चे घायल हो चुके है। बगल में नाली का एक भाग क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मोहल्ले वासियों की मांग है कि खराब हुए रास्ते को अतिशीघ बनाया जाए । यदि इसे और शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो ग्रामीण आंदोलन करने मजबूर होंगे। वार्ड के राजकुमारी खुटें ,दुगेश राठौर, पालेश्वर गवेल, राजा गुप्ता ने बताया कि यदि एक हफ्ते में सड़क एवं नाली को नही बनाया गया तो मोहल्लेवासी धरने पर बैठने मजबूर होंगे। इसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

## सोनचिरैया ने लिंक रोड में साफ-सफाई कर आसपास के लोगों को किया जागरुक

**जांजगीर-चांपा।** सोनचिरैया ऑपरेशन द्वारा नेक मीट के सामने लिंक रोड स्थित क्षेत्र में एक बार फिर स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। टीम के सदस्यों ने दोबारा मौके पर पहुंचकर सफाई अभियान चलाया और पूरे क्षेत्र को स्वच्छ बनाया। इसके साथ ही आसपास के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें समझाया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाना समाज के लिए हानिकारक है और इसे रोकना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।



लिंक रोड में साफ सफाई करते सोनचिरैया ग्रुप के सदस्य।

इस अभियान में पार्थ तिवारी, अविरल तिवारी, किशोर कुमार खूठे, प्रियांशु, शुभम राठौर, अवजोत पाल सुक्ला, अंश साहू, कुश सिदार, हसप्रीत पाल, मगन पाल एवं देवी राठौर की विशेष भूमिका रही। सभी ने मिलकर न केवल सफाई कार्य किया, बल्कि लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित भी किया। अभियान के माध्यम से आसपास के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्हें अपने क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाए रखने का संदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि इसी स्थान को लगभग दो महीने पूर्व टीम द्वारा साफ किया गया था, लेकिन समय के साथ वहां पुनः गंदगी फैल गई। इसके पूर्व टीम द्वारा कुल 9 स्थानों पर सफलतापूर्वक सफाई अभियान चलाया जा चुका है, जबकि यह 10वां स्थान रहा जहां अभियान के तहत साफ सफाई कर लोगों को जागरुक किया गया।

## छात्रवृत्ति की राशि दोगुनी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की राशि दो गुनी करने की मांग को लेकर एनएसयूआई द्वारा विधानसभा अध्यक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में

- एनएसयूआई ने राज्यपाल के नाम टीसीएल कॉलेज के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

राज्यपाल के नाम टीसीएल कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया।

जानकारी देते हुए आकाश तिवारी ने बताया कि महाविद्यालयों के सभी नियमित छात्राओं के शैक्षणिक गतिविधियों को आसान बनाने हेतु आर्थिक सहायता के रूप में छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है , परन्तु पिछले कुछ वर्षों की बात करें तो छात्रों को अपनी ही छात्र वृत्ति की राशि के लिए परेशानियों से होकर गुजरना पड़ता है। महाविद्यालयों में उपयोग की जाने वाली अध्ययन सामग्री काफी पुरानी होती है जिससे छात्रों को बाहर मोटी रकम देकर बाहर से नोट्स खरीदना पड़ता है। वर्तमान समय में प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी हेतु सामग्री काफी महंगी आती है। महाविद्यालय में व



राज्यपाल के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई के पदाधिकारी।

शैक्षणिक संस्थानों तक आने जाने के साधन भी अब पहले के तुलना में दो गुने तक महंगे हो चुके है। इन सब के अलावा महाविद्यालय से जो प्रोजेक्ट दिए जाते है उनमें भी उन्हें राशि खर्च करनी पड़ती है और इन सब व्यय की तुलना में छात्रवृत्ति की राशि काफी नगण्य प्रतीत होती है, चुंकीं छात्रवृति प्रदान करने का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को सरल बना कर वंचित वर्ग को ज्यादा से ज्यादा इससे जोड़ते हुए मुख्य धारा से जोड़ना है। इस हेतु आवश्यक है कि पिछड़ा वर्ग,अनुसूचित जाति, जन जाति के विद्यार्थियों को मिलने राशि को दो गुनी करते हुए इसके प्रक्रिया को आसान बनाया जाए। साथ ही साथ आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं के साथ अल्पसंख्यक वर्ग को भी इसमें शामिल किया जान चाहिए। अपनी पक्ष रखते हुए छात्रों ने कहा मांग पूरी होने तक आंदोलन चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रुप से नगर अध्यक्ष जितेंद्र दिनकर, छात्र नेता गौतम कटारे, हर्ष शुक्ला, श्रद्धा सोनी, कुंदन शर्मा, अमन तिवारी,सुजल राठौर, भागवत धीवर, राहुल प्रधान, गोकुल टंडन, आकांक्षा, नेहा, रिया ज्योति पटेल सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## सीसी रोड निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन, लोगों को मिलेगी सुविधा

**गोधना।** आदर्श ग्राम पंचायत गोधना में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और पहल करते हुए सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। प्रस्तावित सड़क जोगी राम के घर से हरीश साहू के घर तक बनाई जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें ग्राम के सरपंच अजय साहू, उप सरपंच प्रतिनिधि बसंत साहू, पंचगण दिलीप साहू, मनीराम साहू, राजू साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों में विकास कार्य को लेकर उत्साह देखा गया। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि सड़क निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि ग्राम के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। लंबे समय से इस मार्ग के निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार जताते हुए कहा कि जनसहभागिता से ही इस प्रकार के कार्य संभव हो पाते हैं। पंचायत द्वारा भविष्य में भी गांव के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

## समय सीमा की बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सोमवार 6 अप्रैल को साप्ताहिक समय-सीमा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समय सीमा के लंबित प्रकरणों एवं प्राप्त शिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध और सुचारू रूप से पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक में अनुपस्थिति और कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को मिशन कर्मयोगी एप में सभी आवश्यक जानकारी एवं कार्यों को 8 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राशन कार्ड बनाने के पूर्व पात्र हितग्राहियों के सभी दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने प्रत्येक पीडीएस दुकानों में प्रतिमाह चावल उत्सव मनाने कहा एवं चावल उत्सव के दौरान अधिकारियों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जांजगीर-अकलतरा एवं अन्य व्यस्ततम मार्ग पर सड़क पर विचरण कर रहे मवेशियों को अभियान चलाकर हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु नियमित निगरानी और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने जिले में जल संरक्षण एवं संचय के कार्यों को अभियान के रूप में संचालित करने के निर्देश दिए।

- कलेक्टर ने व्यस्ततम मार्ग से मवेशियों को हटाने दिए निर्देश

## लीनेस क्लब ने भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए बांटा गमछा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सीजी-1, स्वर्णिम छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या द्वारा भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए पहल की गई। इस दौरान राहगीरों, श्रमिकों, सब्जी वाले एवं जनसामान्य जरूरतमंदो को गर्मी से बचाने के लिए,विभिन्न स्थानों पर गमछा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

लीनेस क्लब का मुख्यउद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है । लीनेस क्लब जांजगीर जाजवल्या की अध्यक्ष लीनेस सरिता शर्मा ने कहा कि चिलचिलाती धूप में काम करने वालो को सिर और चेहरा ढकने के लिए यह एक छोटा सा प्रयास है,लीनेस क्लब की इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार करना तथा गर्मी से संबंधित बीमारियों से बचाना है। लीनेस सचिव




गमछा वितरण करती ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स के पदाधिकारी।

जूही गौरहा ने कहा कि भीषण गर्मी में बाहर निकलते समय सिर ढके, ज्यादा से ज्यादा पानी पिये,नीबू पानी, आमपना,नारियल पानी और छाछ पीये, शरीर को हाइड्रेटेड रखे। लीनेस कोषाध्यक्ष नामिषा थवाईत ने कहा कि खाली पेट न रहे,ठण्डे पानी से नहाये, हल्के रंग के ढ़ीले व पूरी बाह के कपड़े पहने ।साथ ही साथ लू से बचने हेतु सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा आमजन को जागरूक किया गया । इस अवसर में अध्यक्ष लीनेस सरिता शर्मा, सचिव जूही गौरहा, कोषाध्यक्ष नामिषा थवाईत, उपाध्यक्ष कल्पना केशरवानी, डॉ मधुलता शर्मा, प्राची पाण्डेय, गंगा गट्टानी, डॉ प्रभा साव, छवि जैन, आशी जैन उपस्थित थे ।

### तिरुपति के महन्त ने शिवरीनारायण एवं लक्ष्मणेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना

# भगवान शिवरीनारायण संपूर्ण जगत के स्वामी : महंत अर्जुनदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल तिरुपति स्थित श्री हाथी राम मठ के महन्त अनंत श्री विभूषित स्वामी अर्जुन दास महाराज शिवरीनारायण पहुंचे। उन्होंने भगवान नर- नारायण का दर्शन पूजन किया।

महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज उनके साथ रायपुर से शिवरीनारायण पहुंचे। उन्होंने यहां के ऐतिहासिक महत्व से उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर स्वामी अर्जुन दास महाराज ने कहा कि- शिवरीनारायण पहुंचकर मुझे दिव्य अनुभूति हुई है। यहां भगवान की बहुत अच्छी सेवा हो रही है। आत्मिक शांति की अनुभूति हुई। यहां के महन्त धर्म ध्वजवाहक बनकर सनातन धर्म को आगे बढ़ा रहे हैं, यह गौरव का विषय है। उन्होंने दर्शन के लिए राजेश्री



लक्ष्मणेश्वर महादेव का पूजा-अर्चना करते महंत अर्जुनदास एवं राजेश्री महंत रामसुंदर दास।

महन्त से तिरुपति पधारने का आग्रह किया। साथ में आए हुए स्वामी राजीव लोचन दास महाराज ने कहा कि सबरीनारायण नवधा भक्ति की उत्पत्ति का केंद्र है, यहां भगवान रघुनाथ जी ने माता शबरी को नवधा भक्ति का ज्ञान प्रदान किया। इस क्षेत्र के सभी गांव में इसीलिए नवधा रामायण का आयोजन होता है। भगवान शिवरीनारायण संपूर्ण जगत के स्वामी हैं। उन्होंने राजेश्री महन्त के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मंदिर में पूजा अर्चना पुजारी पूर्णेन्द तिवारी एवं हिमांशु तिवारी ने संपन्न कराया। भगवान शिवरीनारायण का दर्शन करने के पश्चात अपने सहयोगियों सहित खरौद नगर पहुंचकर भगवान लक्ष्मणेश्वर महादेव का भी दर्शन पूजन किये। तत्पश्चात वे भगवान श्री जगन्नाथ की दर्शन के लिए जगन्नाथ पुरी (उड़ीसा) रवाना हो गए। इस पूरे कार्यक्रम में उनके साथ तिरुपति से शिवनारायण दास महाराज, रायपुर से पवन खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, कृष्ण कुमार साहू, त्यागी जी महाराज, शिवरीनारायण मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य सुखराम दास, खरौद नगर पंचायत के अध्यक्ष गोविंद यादव, उपाध्यक्ष महेश्वर यादव तथा शरद शर्मा, पुजारी सुधीर मिश्रा, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, पुरेंद्र सोनी, अंकित दुबे, खगेश वर्मा, सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

